<u>**प्रेस नोट**</u>

<u>**थाना साइबर क्राइम, जनपद झाँसी**</u>

<u>**दिनांक – 01.09.2026**</u>

## ➢ जनपद में बढ़ते साइबर अपराध के दृष्टिगत थाना साइबर क्राइम / साइबर सेल जनपद झॉसी द्वारा साइबर जागरुकता कार्यक्रम

साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु श्रीमान पुलिस महानिदेशक, साइबर क्राइम उ0प्र0 लखनऊ श्री विनोद के. सिंह के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री विकास कुमार के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर/नोडल अधिकारी साइबर क्राइम जनपद झाँसी श्रीमती अरीबा नोमान एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री प्रिया सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम व बचाव हेतु लोगों,बच्चों तथा महिलाओं को जागरुक करने के लिए स्कूल, कॉलेज,कोचिंग,सभागार,सार्वजनिक स्थानों जाकर थाना साइबर क्राइम / साइबर सेल टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, जिसके क्रम में आज **दिनांक 31.08.2026 को महारानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज जनपद झाँसी में छात्रों,छात्राओं व शिक्षकों को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर के प्रति जागरुक किया गया** तथा बचाव हेतु उपाय बताते हुए अन्जान लिंक को टच ना करने, OTP ,CVV,आधार नम्बर,पैन नम्बर शेयर न करें ,अन्जान फोन कॉल आने पर घबराकर कोई भी जानकारी न देने तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे इंस्टाग्राम,फेसबुक,व्हाट्सएप,टेलीग्राम पर अन्जान ग्रुप,लिंक से न जुडने व न ही किसी अन्जान की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट अक्सेप्ट न करने तथा पैसों के लालच में आकर बिना रजिस्टर्ड कम्पनी,शेयर गेमिंग आदि में पैसा इनवेस्ट न करने आदि के बारे में बताया गया, तथा साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाने पर 1930 या www.cybercrime.gov.in में शिकायत करने के बारे में बताया गया।

****<u>साइबर अपराध होने पर तुरन्त 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें</u> ****

<u>**जागरुकता कार्यक्रम करने वाली पुलिस टीम-**</u>

1. श्रीमती अरीबा नोमान पुलिस अधीक्षक साइबर जनपद झाँसी,
2. प्र.नि. श्री सत्येन्द्र सिंह यादव प्रभारी थाना साइबर क्राइम झाँसी,
3. उ.नि. मोहम्मद आरिफ प्रभारी साइबर सेल झाँसी,
4. का.रामचन्द्र , म.का. आभा थाना साइबर झाँसी